उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023
शारीरिक दक्षता परीक्षा(पीईटी) के प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने हेतु महत्वपूर्ण सूचना का प्रकाशन

संख्या–पीआरपीबी–बी(आरक्षी संवर्ग)–05 / 2024 दिनांक–फरवरी,14 ,2025

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षण की प्रक्रिया एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने समसंख्यक सूचना / विज्ञप्ति दिनांकित 29.01.2025 के अनुक्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि:–

1. शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रथम चरण में दिनांक 03.02.2025 से उन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड हेतु उपलब्ध है, जिनकी डीवी / पीएसटी दिनांक 24.01.2025 तक सम्पन्न हो चुकी है। इसमें उक्त अवधि के उन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किये जा रहे हैं, जिनके प्रमाण पत्रों का सत्यापन की प्रक्रिया प्रचलित है।
2. शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु द्वितीय चरण में दिनांक 10.02.2025 से उन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड हेतु उपलब्ध होगें, जिनकी डीवी / पीएसटी दिनांक 24.01.2025 के पश्चात सम्पन्न हुई है। इनमें उन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र भी उपलब्ध होगें, जिनके प्रमाण पत्र की सत्यापन आख्या बोर्ड को प्राप्त हो जायेगी तथा उसके अनुरूप वे अर्ह पाये जायेगें।

2– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।